भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या: **320**
गुरुवार, 10 अगस्त, 2023/19 श्रावण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

सतना विमानपत्तन का उन्नयन

*** 320 श्री गणेश सिंह:**
क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उड़ान योजना के अंतर्गत सतना विमानपत्तन को शामिल किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि एक निजी कंपनी को सतना विमानपत्तन से विमान सेवा शुरू करने की स्वीकृति दी गई है लेकिन विमानपत्तन पर आवश्यक सुविधाओं की कमी के कारण यहां उड़ान शुरू नहीं हो सकी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सतना विमानपत्तन के उन्नयन हेतु कोई कार्रवाई की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सतना विमानपत्तन से विमान परिचालन कब तक शुरू होने की संभावना है;

(ङ) क्या किसी एजेंसी द्वारा उक्त विमानपत्तन से उड़ानें संचालित करने में रुचि दिखाए जाने की स्थिति में, ऐसी कोई नीति है जिसके अंतर्गत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को उड़ान योजना के अंतर्गत चिह्नित विमानपत्तन के विकास के लिए सौ करोड़ रुपये प्रदान करने की आवश्यकता होती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) उक्त विमानपत्तन के आधुनिकीकरण के लिए निर्धारित 100 करोड़ रुपये कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (च) तक: एक वक्तव्य सदन के पटल पर रखा गया है।

"सतना विमानपत्तन का उन्नयन" के संबंध में लोकसभा के दिनांक 10.08.2023 के तारांकित प्रश्न संख्या 320 के उत्तर में उल्लिखित वक्तव्य।

(क) से (च): मध्य प्रदेश की सतना हवाईपट्टी का नाम, उड़ान योजना दस्तावेज़ में बोली लगाने के लिए उपलब्ध अपरिचालित हवाईअड्डों की सूची में शामिल है।

उड़ान एक मांग-संचालित योजना है, जिसमें उड़ान योजना के तहत बोली लगाने के समय, इच्छुक एयरलाइनें विशिष्ट मार्गों पर मांग के अपने आकलन के आधार पर प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। वह हवाईअड्डा, जो उड़ान योजना के तहत अवार्ड किए गए मार्गों में शामिल है और प्रचालन आरंभ करने के लिए उसके उन्नयन/विकास की आवश्यकता है, तो उसका विकास 'अपरिचालित और अल्प-परिचालित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार' योजना के तहत किया जाता है। अब तक, सतना हवाई पट्टी को जोड़ने वाला कोई मार्ग अवार्ड नहीं किया गया है। इसलिए, फिलहाल उड़ान योजना के तहत इस हवाईपट्टी के विकास हेतु कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई है।

****